दिनांक 5-12 -18

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 मे विशेष प्रकार के वाहन पूजा एक्सप्रेस एवं गोबर एक्सप्रेस का किया जाएगा उपयोग

आयुक्त एसके सुंदरानी के निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फूल पत्तियों पॉलिथीन आदि के लिए विशेष रूप से पूजा एक्सप्रेस नामक वाहन तैयार किया गया है जोकि धार्मिक स्थलों में जाकर कचरा एकत्रित करने का कार्य करेगी इसके लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है यह वाहन मुख्य रूप से धार्मिक स्थलों से निकलने वाले अपशिष्ट सामग्रियों का संग्रहण करने का कार्य करेगी व निर्धारित पृथक्करण स्थलों तक पहुंचाएगी!गोबर एक्सप्रेस का कार्य निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत फैले हुए जानवरों के गोबर को एकत्रित करने का कार्य करेगी तथा उन्हें एकत्र कर निर्धारित स्थल तक पहुंचाने का कार्य करेगी!

आयुक्त महोदय ने यह पाया है कि धार्मिक स्थलों में बहुतायत मात्रा में फूल ,पत्ती, पॉलीथिन आदि का उपयोग किया जाता है परंतु इन्हें निर्धारित स्थल तक पहुंचाने के लिए पूजा एक्सप्रेस वाहन के संचालन से संग्रहण कर पूजन सामग्रियों का सही तरीके से निपटान किया जा सकता है!

जन सम्पर्क अधिकारी